दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 8 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-100


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।



रायगढ़ का तेजी से उभरता हुआ लोकप्रिय अखबार न्याय साक्षी के शानदार 100 अंक पूरे होने पर आप सभी पाठकों का तहेदिल से धन्यवाद

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ईरान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, 75 लोग घायल

तेहरान (आरएनएस)। पश्चिमी ईरान के केरमानशाह प्रांत के गिलानगर्ब शहर में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए जिसमें कम से कम 75 लोग घायल हो गए।

### पेशावर में कार बम विस्फोट में तीन जख्मी

पेशावर (आरएनएस)। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में एक कार बम विस्फोट में तीन लोग जख्मी हो गए और कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी दोस्त मोहम्मद ने बताया कि शहर के काली बाड़ी इलाके में शनिवार को एक मस्जिद के बाहर यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि घायलों में एक महिला शामिल है।

### मिशेल ने दूसरे रक्षा सौदों में भी पाए थे पैसे

**ईडी का कोर्ट में दावा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगुस्टा वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर केस में गिरफ्तार हुए कथित बिचौलिये क्रिस्चन मिशेल ने दूसरे रक्षा सौदौं में भी पैसे पाए थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में यह दावा किया। ईडी ने कोर्ट को बताया कि दूसरे रक्षा सौदों में भी मिशेल की भूमिका थी, जिसकी जांच की जानी है। बता दें कि कोर्ट ने मिशेल को 27 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### आग की चपेट में आकर झुलसी दो युवतियों की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में आग की चपेट में आकर झुलसी दो युवतियों की सिम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। सिम्स चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई के लिये भेज दिया है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी अनुसार पाली के हिर्री निवासी ज्योति पति सुमित दास 26 वर्ष घर मे आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसे इलाज के लिये सिम्स लाया गया। जहां सिम्स के बर्न वार्ड में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वही दूसरी घटना में रेखा पति सुनील मनहर 25 वर्ष जोगिदीप सरसींवा निवासी भी आग की चपेट में आकर झुलस गई थी।

### आप विधायक पर दंगे का केस चलाने का आदेश

नई दिल्ली (आरएनएस)। अदालत ने मॉडल टाउन विधानसभा से 'आप' के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ साल 2013 के एक मामले में दंगे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसाने पहुंचाने के आरोपों में मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। विधायक के साथ 17 दूसरे लोग भी इन्हीं आरोपों में मुकदमे का सामना करेंगे। स्पेशल जज अरुण भारद्वाज ने विधायक और 17 दूसरे लोगों के खिलाफ आईपीसी के तहत 8 अपराधों के आरोप तय करते हुए यह आदेश दिया।

### मेट्रो में नहीं जाएंगे मोबाइल सिग्नल्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली मेट्रो में सफर के दौरान मोबाइल सिग्नल का न मिलना अब पुरानी बात होने जा रही है क्योंकि डीएमआरसी की इस समस्या को फरवरी के अंत तक खत्म करने की योजना है। सिग्नल दुरुस्त करने और अंडरग्राउंड स्टेशनों में बूस्टर लगाने के लिए डीएमआरसी ने रात के नॉन-ऑपरेशनल घंटों में 300 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया है।

## 1 लाख करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट पर राहुल-निर्मला में घमासान

**एचएएल पर रार**



नयी दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को एक लाख करोड़ रुपये का सरकारी ऑर्डर देने के मामले में रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण पर संसद में झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सदन में अपने बयान के समर्थन में वह या तो दस्तावेज पेश करें या इस्तीफा दें। गांधी ने सरकार पर निशाना तब साधा है जब एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ''एचएएल के पास एक लाख करोड़ रुपये में से एक भी रुपया नहीं आया है। दावे के विपरीत अब तक एक भी ऑर्डर पर हस्ताक्षर नहीं किया गया है।'' मीडिया रिपोर्ट में अपने दावे के समर्थन में एचएलएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी को उद्धृत किया गया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी एचएएल वित्तीय संकट से जूझ रही है और अपने कर्मियों को तनख्वाह देने के लिए धन उधार लेने को मजबूर है। विपक्षी दल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने फ्रांस के साथ राफेल लड़ाकू विमान सौदे के तहत एचएएल को एक ऑफसेट अनुबंध से वंचित कर दिया। सरकार इन आरोपों को खारिज कर चुकी है। उधर, भाजपा नीत एनडीए सरकार ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसने अपने शासनकाल में एचएएल का समर्थन नहीं किया और सरकार अब रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम को मजबूत कर रही है। गांधी ने ट्वीट किया, ''जब आप झूठ बोलते हैं, तो उसके समर्थन में आपको और झूठ बोलने पड़ते हैं। राफेल पर प्रधानमंत्री के झूठ का बचाव करने के लिए रक्षा मंत्री ने संसद में झूठ बोला।'' उन्होंने कहा, ''कल रक्षामंत्री संसद में एचएएल को एक लाख करोड़ रुपये का ऑर्डर देने का दस्तावेज पेश करें या इस्तीफा दें।'' कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने सूट-बूट वाले दोस्तों की मदद करने के लिए एचएएल को कमजोर किया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने रविवार को ट्वीट किया, ''झूठ बोलने वाली रक्षा मंत्री के झूठ का पर्दाफाश हो गया। रक्षा मंत्री ने दावा किया था कि एचएएल को एक लाख करोड़ रुपये की खरीद के ऑर्डर दिए गए हैं। एचएएल का कहना है कि उसे एक पैसा तक नहीं मिला क्योंकि एक भी ऑर्डर पर हस्ताक्षर नहीं किए गए।'' उन्होंने कहा, ''पहली बार, एचएएल वेतन देने के लिए 1000 करोड़ रुपए का कर्ज लेने को मजबूर है।''

## सबरीमाला से दर्शन कर लौट रहे तेलंगाना के 10 श्रद्धालुओं की मौत

पुडुक्कोट्टई/चेन्नै (आरएनएस)। केरल के सबरीमाला मंदिर से दर्शन कर लौट रहे 10 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। यह हादसा रविवार को तमिलनाडु के पुडुक्कोट्टई जिले में हुआ, जब श्रद्धालुओं से भरी वैन में एक ट्रक ने टक्कर मार दी।



दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हुए मृतकों की शिनाख्त हो गई है। मृतक तेलंगाना के निवासी थे, जिनकी पहचान आर. नगाराज (35), ए. महेश (28), एम. कुमार (22), शाम (22), एस. प्रवीण (24), कृष्णा (35), एम. साई (22), आंजानेयालु और सुरेश (25) के तौर पर हुई है। वहीं गाड़ी चला रहे ड्राइवर की शिनाख्त अभी तक हीं हो सकी है।

वहीं इस घटना पांच अन्य श्रद्धालु घायल हो गए हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों की पहचान के. पूमाकावूद (28), डी. राजू (28), एस. वेंकटेश (35), एन. सैलामल और नरेश के तौर पर की गई है। यह हादसा दोपहर को करीब 2 बजकर 35 मिनट पर हुआ।

सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन करने के बाद 15 श्रद्धालु रामेश्वरम चले गए, वहां से लौटते वक्त ही पुडुक्कोट्टई जिले में थिरुमायम के पास यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया तथा घायलों को थिरुमायम सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार वैन में ठोकर मारने वाले ट्रक का ड्राइवर काफी तेज गाड़ी चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ।

## केजरीवाल ने जनता से कांग्रेस को वोट नहीं करने की अपील की

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लोगों से कांग्रेस को वोट नहीं देने की अपील की।



यह अपील ऐसे समय में की गई जब मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन के लिए आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस संपर्क में हैं।

ककरोला में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने लोगों से बीजेपी को भी वोट नहीं देने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के विकास के लिए बजेपी के सभी सात सांसदों ने कुछ नहीं किया।

केजरीवाल ने कहा, 'कांग्रेस के लिए बिल्कुल भी वोट नहीं करें क्योंकि अगर आप कांग्रेस को वोट करेंगे तो यह नरेंद्र मोदी को ही मजबूत करेगी। आप अपने वोट बंटने न दें। सभी सात सांसद 'आप' के ही चुनें।

## क्लासेज के दौरान स्कूल में अश्लील डांस, प्रिंसिपल सस्पेंड

बलिया (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश स्थित बलिया जिले के सहतवार क्षेत्र स्थित एक प्राइमरी स्कूल में कंबल वितरण की आड़ में अश्लील डांस प्रोग्राम आयोजित कराए जाने के मामले में स्कूल के प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है।




जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष राय ने रविवार को बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल गोरख नाथ यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रिंसिपल पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर बिना इजाजत के विद्यालय शिक्षण अवधि में स्कूल में कंबल वितरण कार्यक्रम और उसकी आड़ में बेहूदा नृत्य कार्यक्रम आयोजित कराने के आरोप हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य विकास अधिकारी से सिफारिश की गई है। उल्लेखनीय है कि सहतवार थाना क्षेत्र के आसमान ठेठा ग्राम के प्राथमिक विद्यालय परिसर में गत चार जनवरी को कंबल वितरण का कार्यक्रम हुआ था। कार्यक्रम के दौरान नर्तकियों से नृत्य भी कराया गया था। इस दौरान बच्चे कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उत्पन्न तेज आवाज के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई थी।

## डैमोक्रेट चाहें तो मैं 20 मिनट में सुलझा सकता हूं मतभेदः ट्रंप

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको के साथ लगी देश की सीमा पर दीवार बनाने के मामले में मतभेद सुलझाने की बात कही।



डैमोक्रेट्स नेताओं के साथ मतभेद को लेकर कहा कि यदि विपक्षी पार्टी के नेता चाहें तो वह 20 मिनट में मतभेद सुलझा सकते हैं। ट्रम्प ने अपने कर्मियों के साथ बैठक के लिए कैम्प डेविड जाते समय अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए 5.6 अरब डॉलर की मांग से पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया।

ट्रंप ने घोषणा की 'यदि वे चाहते हैं तो वह 20 मिनट में समझौता कर सकते हैं। अगर वे ऐसा नहीं चाहेंगे, तो यह (बंद) लंबे समय तक जारी रहेगा।' सरकारी कामकाज के आंशिक रूप से तीसरे सप्ताह भी बंद रहने के बीच सदन की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने कहा कि वह आने वाले दिनों में एजेंसियों को फिर से खोलने के लिए व्यक्तिगत विधेयकों को पारित करना शुरू करना चाहती है। उप-राष्ट्रपति माइक पेंस के नेतृत्व में विपक्षी डैमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के साथ एक और चरण की वार्ता पूरी होने के बाद ट्रम्प ने ट्वीट किया था।

## बीजेपी सरकार की उपेक्षा के कारण मनरेगा का हुआ बुरा हालः चिदंबरम



नयी दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र में बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार पर मनरेगा की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए पूर्व वित्तमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि इस रोजगार कार्यक्रम ने भुखमरी से निपटने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, लेकिन अब उसकी भी स्थिति खराब है। उन्होंने दावा किया कि राज्यों ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के लिए आवंटित धन को खर्च कर दिया है और चालू वित्त वर्ष के शेष तीन महीनों के लिए केवल 331 करोड़ रुपये की राशि ही बची हुई है। उन्होंने बताया कि इस बात का कोई संकेत नहीं दिख रहा है कि केंद्र मनरेगा के लिए अब और अधिक धन मुहैया कराएगा।

## भाजपा अध्यक्ष ने घोषित की विभिन्न समितियां

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने लोकसभा चुनाव 2019 के मद्देनजर विभिन्न विभागों की समिति गठित की है। जिसके अनुसार भाजपा की संकल्प पत्र समिति, प्रचार-प्रसार, सामाजिक स्वयंसेवी संगठन संपर्क साहित्य निर्माण, मीडिया, प्रवास, सोशल मीडिया, लाभार्थी संपर्क, प्रबुद्ध सम्मेलन, चुनाव आयोग, कार्यालय, यातायात एवं विभाग, साहित्य वितरण, मेरा परिवार भाजपा परिवार कमल ज्योति, मन की बात तथा बाइक रैली समिति गठित कर दी गई है।

## सुर्खियों में हैं कांग्रेस के राष्ट्रीय दामाद

### स्मृति इरानी का वाड्रा पर तंज

नई दिल्ली (आरएनएस)। कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इस दावे के बाद कि रॉबर्ट वाड्रा लंदन में एक फ्लैट के वर्चुअल



ओनर हैं, बीजेपी ने उनपर और कांग्रेस पर हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने रविवार को वाड्रा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि शनिवार से कांग्रेस के राष्ट्रीय दामाद सुर्खियों में हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा से अपील की कि वे मनी लॉन्ड्रिंग केस में फरार मनोज अरोड़ा को ईडी के सामने पेश होने को कहें। बता दें कि अरोड़ा को वाड्रा का करीबी माना जाता है।

इरानी ने कहा, शनिवार का दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय दामाद को देश की सुर्खियों का एक अंश बना चुका है। उन्होंने न्यूज रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि ईडी ने कोर्ट के सामने रॉबर्ट वाड्रा के निजी सहायक मनोज अरोड़ा के खिलाफ नॉन-बेलेवल वॉरंट प्राप्त करने का निवेदन किया। बीजेपी नेता ने कहा, राष्ट्र को बतलाना सही होगा कि मनोज अरोड़ा, जो वाड्रा के निजी सहायक हैं, इनके संदर्भ में ईडी के हाथ डिजिटल दस्तावेज तब प्राप्त हुए जब रक्षा सौदों के दलाल संजय भंडारी के घर पर इनकम टैक्स की रेड हुई। ये सार्वजनिक रूप से बात स्वीकृत है कि संजय भंडारी रक्षा सौदों के दलाल हैं और वर्तमान में देश से फरार हैं और रॉबर्ट वाड्रा के मित्र हैं।

## दिल्ली सरकार ने ट्रकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश दिए

### राशन की चोरी रोकने

नयी दिल्ली (आरएनएस)। राशन की चोरी को रोकने के लिए, दिल्ली सरकार राशन की ढुलाई करने वाले ट्रकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फेयर प्राइज दुकानों का निरीक्षण समेत विभिन्न



निर्देश जारी किए हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता कार्य विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, क्षेत्र (फील्ड) कर्मचारी फेयर प्राइज दुकानों पर कड़ी नजर रखें जिनपर चोरी जैसे अनुचित काम में शामिल होने का शक है। विभाग ने कहा कि सर्किल खाद्य आपूर्ति अधिकारी इन दुकानों का अच्छी तरह से निरीक्षण करें जबकि विशेष आयुक्त महीने में एक बार तथा सहायक आयुक्त महीने में दो दफा इन दुकानों का मुआयना करें। विभाग ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी महीने में तीन बार इन दुकानों का निरीक्षण करें। आदेश में कहा गया है कि दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (डीएससीएससी) ट्रांसपोटरों के ट्रकों को जीपीएस से लैस करना सुनिश्चित करे। इसमें यह भी कहा गया है कि राशन दुकानदार ऐसे स्थान पर एक बोर्ड लगाकर सभी जरूरी सूचनाएं उसपर अंकित करेगा जहां से आम लोग उसे आसानी से देख सकें।

## कोर्ट ने आईटी कानून की समाप्त की गई धारा के तहत गिरफ्तारी संबंधी याचिका पर केन्द्र से मांगा जवाब

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केन्द्र से उस याचिका के संबंध में जवाब तलब किया जिसमें आरोप लगाया गया कि शीर्ष अदालत द्वारा आईटी कानून की धारा 66ए को समाप्त किए जाने के बावजूद इसके तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। समाप्त की गई धारा के तहत किसी भी व्यक्ति को वेबसाइट पर कथित तौर पर ''अपमानजनक'' सामग्री साझा



करने पर गिरफ्तारी का प्रावधान था। इसे 24 मार्च 2015 को शीर्ष अदालत ने समाप्त कर दिया था। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन के नेतृत्व वाली एक पीठ ने कहा कि आईटी कानून की धारा 66ए को समाप्त करने के उसके आदेश का उल्लंघन किया गया तो संबंधित अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। स्वयं सेवी संगठन 'पीयूसीएल' के वकील संजय पारिख ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा आईटी कानून की धारा 66ए को 2015 में समाप्त किए गए जाने के बावजूद इसके तहत 22 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।